अमर उजाला 11/02/2023

# बजट चर्चा में भारती और शिवानी रही विजयी

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** छावनी के जीएमएन कॉलेज में प्रबंधन विभाग की ओर से सेमिनार हाल में पीपीटी के माध्यम से बजट डिस्कशन 2023 प्रतियोगिता हुई। इसमें 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बजट डिस्कशन 2023 प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

बजट प्रतियोगिता की कनवीनर डॉ. रवनीत कौर ने प्राचार्य का स्वागत किया। बजट के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभाव और उसके बारे में विस्तार से बताया। बच्चों को अपने मनोबल को कैसे बढ़ाना है। इसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे व्यक्तित्व का विकास एवं प्रतिभा का निखार होता है। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुरेंद्र कुंडू कॉमर्स विभाग ने दी और बच्चों को बजट के बारे में विस्तार से बताया।

प्रथम पुरस्कार भारती और शिवानी बीएससी नॉन मेडिकल ने हासिल किया। द्वितीय पुरस्कार सुहानी और खुशी बीबीए सेकेंड ईयर व तृतीय पुरस्कार ध्रुव, तरुण और प्रेरणा बीए सेकेंड ईयर को तृतीय स्थान हासिल हुआ। विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। अंत में डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती विज ने सभी को मुबारकबाद दी। इस अवसर पर डॉ. रवनीत कौर और डॉ. अमिता भी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में विजेता को सम्मानित करते। संवाद